खबर संक्षेप

बालिकाओं को नकद राशि देकर किया सम्मानित

फरीदाबाद। जिला उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला में बेहतर प्रदर्शन करने वाली

बालिकाओं को प्रशंसा पत्र व नकद राशि देकर सम्मानित किया। सम्मानित की गई 9 बालिकाएं अपने-अपने क्षेत्र में हुनरमंद हैं और उन्होंने जिला में अपने हुनर में अलग पहचान बनाई है। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रही।

1338 निजी विद्यालयों को एक वर्ष का विस्तार मिला

गुरुग्राम। शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के 1338 अस्थायी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को एक वर्ष का

विस्तार दिया है। इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में शिक्षा बोर्ड के सचिव को लिखित आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिले में बड़ी संख्या में अस्थायी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय हैं। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के 80 हजार से अधिक छात्र भिवानी बोर्ड की परीक्षा दे सकेंगे।

परिषद द्वारा 13 कन्याओं का सामूहिक विवाह

साहिबाबाद। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में साहिबाबाद स्थित राजेंद्र नगर सेक्टर 3 स्वामी

विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में में 13 कन्याओं का सामूहिक विवाह विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। शाखा प्रबंधक बृजेश जादौन ने बताया कि तीन वर्षों से शाखा गरीब निर्धन बेसहारा कन्याओं विवाह कराती हैऔर संस्था ऐसे नियंत्रण कार्य आयोजित कर रही है।

नीचे लटक रहे बिजली के तारों से लोग परेशान

गुरुग्राम। राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली की तार जमीन से चंद फीट की ऊंचाई पर स्थित

हैं। जिससे लोगोंको परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। इससे हादसा होने का डर बना हुआ है। क्षेत्र के समाजसेवी राजेश पटेल का कहना है कि राजेंद्रा पार्क गोल चक्कर, शिवजी की मूर्ति के निकट बिजली की तारें काफी नीचे लटकी हुई हैं।

सीएम आवास पर परिवार सहित आत्मदाह की चेतावनी

गाज़ियाबाद। लोनी विस चुनाव लड़ने के लिए निर्दलीय पर्चा भरकर आईं चेयरपर्सन रंजीता

धामा ने फेसबुक लाइव कर सीएम के आवास पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। वह विस चुनाव लड़ने के लिए मैदान में हैं। रंजीता ने कहा कि उन्हें पता चला है कि भाजपा प्रत्याशी कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर उनका पर्चा रद्द कराने का प्रयास कर रहे हैं।

जरूरतों को पूरा करने के लिए नए ईंधन स्रोतों की जरूरतः नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव से विधायक राजेश नागर ने सूर्या नगर सेक्टर 91 में पीएनजी लाइन डालने का काम शुरू करवाया। इस अवसर पर पीएनजी कंपनी के अधिकारी और स्थानीय आरडब्ल्यूए के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि बढ़ती आबादी के हिसाब से हमें ईंधन के नए स्रोतों को अपने जीवन में अपनाना ही होगा। जैसे बिजली के क्षेत्र में सोलर एनर्जी और व्हीकल कैटेगरी में ई वीइकल नए स्रोत हैं, वैसे ही घरेलू ईंधन में भी पीएनजी नया स्रोत है। श्री नागर ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद ही नए ईंधन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में करोड़ों लोगों को उन्होंने एलपीजी के निशुल्क कनेक्शन दिलवाए, वहीं शहरी क्षेत्रों में पीएनजी की पाइपलाइन के जरिए सीधे रसोई में ईंधन पहुंचाने के काम में भी तेजी आई है।

◆ *बिजली के क्षेत्र में सोलर एनर्जी और व्हीकल कैटेगरी में ई वीइकल नए स्रोत हैं, वैसे ही घरेलू ईंधन में भी पीएनजी नया स्रोत है। पीएम मोदी ने सत्ता में आने के बाद ही नए ईंधन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए ईंधन को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया

विधायक राजेश नागर ने स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं भी जानीं और उन्हें तत्काल प्रभाव से दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में समस्याएं तेजी से दूर हो रही हैं और प्रशासनिक व्यवस्था में भी सुधार आ रहा है। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक नागर का स्थानीय आरडब्ल्यूए सदस्यों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिर्राज शर्मा, प्रहलाद शर्मा, अमन नागर, दयानंद नागर, आरडब्ल्यूए के प्रेसीडेंट एएन राय, वाइस प्रेसीडेंट सुनील कुमार, महासचिव कंचन मिश्रा, विजय प्रताप सिंह, कुलदीप गुप्ता, उत्कर्ष गर्ग, शीशराम अवाना, सुमन चंदेल, बृजेश ठाकुर, प्रदीप त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

जीआरपी ने हैदर को हिरासत में लेकर महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया

पालघर की किशोरी ने जिसे राहुल समझा, आखिरकार वह हैदर निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुंबई से सटे पालघर निवासी एक किशोरी को राजकीय रेलवे पुलिस ने लव जिहाद में फंसने से बचा लिया। किशोरी ने इंस्टाग्राम पर जिसे राहुल समझकर दोस्ती की, वह हैदर निकला। किशोरी से उसने शादी का वादा भी किया।

किशोरी उसकी चिकनी-चुपड़ी बातों में इस कदर फंसी कि मुंबई से अपना घर छोडक़र उससे मिलने फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर आ गई। गनीमत रही कि युवक जब किशोरी से बातचीत कर रहा था तो रेलवे स्टेशन पर मौजूद जीआरपी के जवानों को उस पर संदेह हो गया। उन्होंने युवक से पूछताछ की तो उसकी सच्चाई सामने आई। जिला बाल कल्याण समिति ने पालघर से परिजन को बुलाकर किशोरी को उन्हें सौंप दिया है, वहीं आरोपी युवक को महाराष्ट्र पुलिस लेकर गई है। आरोपित हैदर यहां गांव बड़खल का रहने वाला है। बड़खल गांव मुस्लिम बाहुल्य गांव है। किशोरी ने बताया कि इंस्टाग्राम पर करीब दो महीने पहले उसकी राहुल नामक युवक से दोस्ती हुई थी। राहुल ने उसे शादी का वायदा किया और मिलने के लिए फरीदाबाद बुलाया। किशोरी अपने घर से गहने व रुपए लेकर पहले अमृतसर गई। इस दौरान उसके माता-पिता ने उसकी गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करा दिया। अमृतसर में दस दिन रहने के बाद वह फरीदाबाद राहुल से मिलने पहुंची। यहां वह फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर उससे मिली।

युवक की बाडी लैंग्वेज से जीआरपी के जवानों को संदेह हुआ। जीआरपी के जवानों ने पूछताछ की और उसकी आइडी चेक की तो उसका नाम हैदर निकला। यह जानकार किशोरी भी हक्की-बक्की रह गई। उसने हैदर के साथ जाने से साफ मना कर दिया। जीआरपी ने राहुल उर्फ हैदर को हिरासत में लेकर महाराष्ट्र पुलिस को सूचित कर दिया। वहां की पुलिस ने फरीदाबाद आकर हैदर को गिरफ्तार कर लिया।

◆ किशोरी ने इंस्टाग्राम पर जिसे राहुल समझकर दोस्ती की, वह हैदर निकला। किशोरी से उसने शादी का वादा भी किया। उसकी चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर वह मुंबई से मिलने फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर आ गई।

बहू-बेटियों के मान सम्मान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देंगेः भाटिया

भाटिया सेवक समाज में आयोजित सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा महिला आयोग की चेयरमैन रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बहू-बेटियों के मान सम्मान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि महिलाओं को कोई परेशानी आती है तो महिला आयोग हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को महिला आयोग इतना सक्षम बनाने का काम करेगा कि वह अपने आप को कहीं भी कमजोर महसूस नहीं करेंगी। रेनू भाटिया सोमवार को एनआईटी दो स्थित भाटिया सेवक समाज में उनके सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहीं थी।

उन्होंने कहा कि संघर्ष मनुष्य के जीवन का अनुभव होता है और इस अनुभव को प्रेरणा के रूप में स्वीकार करके कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश महिला आयोग लड़कियों को स्कूल, कॉलेजों और उद्योगों में काम करने वाली लड़कियों की आत्म शक्ति को मजबूत बनाने का काम करेगी और उन्हें संघर्ष को प्रेरणा स्वरूप स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। रेनू भाटिया ने कहा कि महिलाओं को उनके साथ होने वाले किसी भी अत्याचार को छिपाना नहीं चाहिएए बात को जितना दबाया जाता है वो उल्टा ही नासूर बनता जाता है। उन्होंने कहा यदि किसी महिला की शिकायत पर थाने चौकियों में सुनवाई नहीं हो रही है तो वे उनसे मिलकर अपनी शिकायत बताए या महिला आयोग की वेबसाइट पर मेल भी कर सकती है। उनकी शिकायत पर अवश्य कार्रवाई होगी।

इस मौके भाटिया सेवक समाज के प्रधान सरदार मोहन सिंह भाटिया व फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष बीआर भाटिया सहित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उनका सम्मान किया।

जन-जन के नायक कर्पूरी ठाकुर के विचार आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के कार्यालय पर कर्पुरी ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने उन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी व यूपी के राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि कर्पुरी ठाकुर जन-जन के नायक थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। राज्यमंत्री अतुल गर्ग व पूर्व महापौर आशु वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि

कर्पुरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है। जननायक के पिताजी का नाम शगोकुल ठाकुर तथा माता जी का नाम रामदुलारी देवी था। इनके पिता गांव के सीमांत किसान थे।

भारत छोड़ो आंदोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। कर्पूरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। वह देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जगाते रहे। उन्होंने हमेशा न्याय का साथ दिया व न्याय की बात कही।

गणतंत्र समारोह में परेड के लिए हरियाणा पुलिस के बैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामयी रूप से मनाने के लिए फुलड्रैस रिहर्सल आयोजित की गई। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गुररुग्राम के सैक्टर-38 स्थित ताउ देवी लाल खेल परिसर के चौधरी सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट पवेलियन में आयोजित किया जाएगा ।

समारोह में इस बार हरियाणा के बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। वे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। फुलड्रैस रिहर्सल को उपायुक्त डॉ यश गर्ग तथा पुलिस आयुक्त के.के. राव ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय विद्यालय बादशाहपुर के छात्र छात्राओं द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस के 125 जयंती वर्ष के मद्देनजर अपनी जोश एवं उत्साह से भरी हुई प्रस्तुति दी जाएगी।

मानव जीवन में माता- पिता का कितना महत्व है, खासकर जब वे वृद्धावस्था में होते हैं। इस संवेदनशील विषय की मार्मिक प्रस्तुति राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा की छात्राओं द्वारा दी जा रही है।

कार्यक्रम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य में राजस्थान के प्रसिद्ध बाबा रामदेव पीर की उपासना का दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशांत लोक सेक्टर 43 के छात्र-छात्राओं द्वारा कृषि प्रधान हरियाणा प्रदेश के किसानों द्वारा फसल तैयार होने पर किया जाने वाला धमाल नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से दर्शाया जाएगा।

रोजी न रोजगार, यही है योगी सरकारःसुप्रिया

◆ *कांग्रेस प्रत्याशी संगीता त्यागी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इस सरकार के कार्यकाल में न महिलाएं सुरक्षित रही, न ही महंगाई पर लगाम लगी लगाम और न ही मिला रोजगार। श्रीनेत साहिबाबाद के वसुंधरा सेक्टर 12 में साहिबाबाद विधानसभा से कांग्रेस की प्रत्याशी संगीता त्यागी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन के अवसर पर मीडिया को सम्बोधित कर रही थी।

इससे पहले हवन पाठ कर विधि विधान के साथ कार्यालय का शुभारम्भ किया गया। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो दावे कर रहे हैं सभी खोखले हैं। यह सरकार पूरी तरह से विफल नहीं। सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीब और गरीब हो

गया है, जबकि अमीर और अमीर हो गया है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाएगी। कांग्रेस प्रत्याशी संगीता त्यागी ने कहा कि पिछली हार से सबक लेते हुए हमें इस चुनाव में और मेहनत करने की जरूरत है।

कांग्रेस के लिए इस बार बहुत अच्छा मौका है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रत्याशी डोली शर्मा ने भी मौजूदा समय में कांग्रेस के बेहतर मौका होने की बात कही और संगठित होकर संगीता को जिताने की अपील की। पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, पूर्व प्रदेश महासचिव सतीश त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी योगेश त्यागी, पूजा मेहता, सौरभ राय, रमन त्यागी, मनोज त्यागी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी	शैक्षणिक सत्र 2022-2023 हेतु कक्षा 6वीं से 12वीं कक्षा के लिए पुस्तकों की प्रीटिंग और आपूति	22.01.2022 31.01.2022	4 करोड़	http://www.bseh.org.in	9416973860 asspleexam@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2022/40/7112/I/88/7 दि. 24.01.22

चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड
CIN- L51909DL1984PLC019441, Email ID: info@cpil.com
पंजी. कार्यालय : 14, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-110055
कॉर्पोरेट कार्यालय : सुइट 522, 5वां तल, गैलेरिया टावर्स, डीएलएफ फेज-IV, गुरुग्राम-122009, हरियाणा
31 दिसम्बर 2021 को समाप्त तृतीय तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम

31 दिसम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. लाखों में)

विवरण	स्टैंडअलोन					
	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह		समाप्त वर्ष
	31-12-2021 (अअंकेक्षित)	30-09-2021 (अअंकेक्षित)	31-12-2020 (अअंकेक्षित)	31-12-2021 (अअंकेक्षित)	31-12-2020 (अअंकेक्षित)	31-03-2021 (अंकेक्षित)
प्रचालनों से कुल आय	15423.99	11897.09	5249.93	45758.45	13066.56	22581.67
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	1306.34	525.40	137.69	2805.17	163.67	832.50
कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) मदों और/अथवा मद असामान्य मदों)	1306.34	525.40	137.69	2805.17	163.67	832.50
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	986.34	384.40	100.69	2099.17	118.67	571.01
अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)	986.34	384.40	100.69	2099.17	118.67	571.98
इक्विटी शेयर कैपिटल	369.80	369.80	369.80	369.80	369.80	369.80
रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	-	-	-
अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक : डायल्युटेड :	26.67	10.39	2.72	56.77	3.21	15.44

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट (www.cpil.com) पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा की गई और 24.01.2022 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये।
3. उक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा प्रस्तुत की गई सीमित समीक्षा रिपोर्ट के अधीन है।

निदेशक मंडल की ओर से
चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
गजराज जैन
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00049199
स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 24 जनवरी 2022

सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in ; Website: www.sidhmanagement.in
31 दिसम्बर 2021 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार
[सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1)(बी) देखें]
(राशि रु. में)

क्र. सं.	विवरण	अअंकेक्षित		
		समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2021	समाप्त नौ माह 31 दिसम्बर 2021	समाप्त अनुकूल तिमाही 31 दिसम्बर 2020
1	प्रचालनों से कुल आय	(934,114)	6,132,380	1,003,425
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	(1,331,862)	5,146,808	748,353
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	(1,331,862)	3,948,408	748,353
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	(1,331,862)	3,948,408	748,353
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	(1,331,862)	3,948,408	748,353
6	इक्विटी शेयर कैपिटल	21,175,000	21,175,000	21,175,000
7	रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड	(0.63)	1.86	0.35

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक समाप्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन नं. : 07526355
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 24 जनवरी 2022

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	विकास एवं पंचायत पटौदी (जिला गुरुग्राम)	गांव भोडा कलां, ब्लॉक पटौदी, जिला गुरुग्राम में आईपीबी सहित गली की पेवमेंट + 9 अदद अन्य कार्य। (डीएनआईटी एचएसआर 1988 के अनुरूप)	25.01.2022 03.02.2022	90.81 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0124-2672867 bdpo.pataudi@gmail.com
2	लोनिवि भ व प, रेवाड़ी	सेक्टर-19 में आबकारी एवं कराधान विभाग हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय भवन का निर्माण + 5 अन्य कार्य।	25.01.2022 10.02.2022	42.38 लाख	www.etenders.hry.nic.in	1274220220 eeed-rwr.pwd@hry.gov.in
3	सिंचाई रोहतक	जेएलएन फीडर के आरडी 317000 पर जेएफ-I पम्प हाउस पर सम्प की गाद सफाई और 4 अदद अन्य।	31.01.2022 11.02.2022	37.80 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812111077 xenfdrrtk@gmail.com
4	पंचायती राज, पंचकूला	गांव रेहोरे ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में गोबर गैस संयंत्र का निर्माण, प्रचालन और रखरखाव।	28.01.2022 07.02.2022	72.29 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1722576698
5	लोनिवि भ व प, फरीदाबाद	फरीदाबाद जिले में दिल्ली आगरा रोड एनएच-19 से दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रैसवे वाया बल्लभगढ़ मोहना रोड तक 4 लेन ऐलीवेटेड रोड / पेव सोल्डर सहित 2-लेन के निर्माण के दौरान अपेक्षित रूपांतरणों समेत गैड्स बीओक्यू की तैयारी और भू-तकनीकी जांच सर्वे, विस्तृत डिजाइनिंग वर्किंग ड्राईंग्स, विस्तरित आकलन को पूरा करना।	21.01.2022 11.02.2022		https://etenders.hry.nic.in	0129-2288187 pwd-eepd1- faridabad@hry.nic.in
6	विकास एवं पंचायत विभाग नारायणगढ़	गांव नागला राजपूताना ब्लॉक नारायणगढ़ में पंचायत भूमि में शैड का निर्माण।	26.01.2022 07.02.2022	9.98 लाख	www.etenders.hry.nic.in	1734284022 bdponaraingarh@hry.nic.in
7	पंचायती राज, अम्बाला	बाल भवन, जिला सिरसा के परिसर में 8 अदद दुकानों में ई.आई. का प्रावधान। (पुनः आमंत्रण)	24.01.2022 31.01.2022	1.08 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0171-2980510 prexeengelec.amb@hry.nic.in
8	पंचायती राज, कुरुक्षेत्र	कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न गांवों में ग्रे वाटर मैनेजमेंट कार्यों का निर्माण।	25.01.2022 31.01.2022	430.37 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416483487 prexeeng.krk@hry.nic.in
9	वन विभाग, सिरसा	आरसीसी पिल्लर की आपूर्ति + 2 अन्य।	बंद होने की तिथि 26.01.2022	1.21 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	01666-243307 forest_sirsa@yahoo.com
10	वन विभाग, सिरसा	कालवाली रेंज में दौलतपुर खेड़ा में शौचालय और स्नानगृह का निर्माण + 3 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 29.01.2022	13.05 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01666-243307 forest_sirsa@yahoo.com
11	मौलिक शिक्षा हरियाणा	डेटा सिम कार्ड्स की अधिप्राप्ति हेतु आरएफपी।	27.01.2022 17.02.2022	75 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	academiccellhry@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2022/220/7113/I/88/7 दि. 24.01.22